खास-खबरें

पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी और ससुर को किया घायल

नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः पारिवारिक विवाद में पति ने अपनी पत्नी को गिलास मारकर लहुलुहान कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए ससुर को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ज्योति नगर निवासी पूजा ने बताया कि उसका पति राहुल जो कि राजस्थान निवासी है आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर मारपीट करता रहता है। गुरूवार सुबह भी राहुल ने गाली गलौच कर मारपीट शुरू कर दी और अचानक उसने गिलास से वार कर दिया जिससे नाक, होंठ और सिर में गंभीर चोंट आई। बेटी की चीख सुनकर उसके पिता मदनलाल बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया गया।

अटल बीमा योजनाः लाड़ली बहनों के पंजीयन हेतु शिविर संपन्न

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः विदिशा निकाय के वार्ड क्रमांक-19 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 19/113 में लाड़ली बहना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अटल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र लाड़ली बहनों के पंजीयन की प्रक्रिया संपन्न हुई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया और पंजीयन संबंधी औपचारिकताएं पूरी कीं।

29 से फिर शुरू होगी कृषि उपज मंडी में नीलामी

गंजबासौदा। कृषि उपज मंडी में पिछले कुछ दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। व्यापारी और श्रमिकों के बीच हुई सहमति के बाद अब मंडी में 29 जून से नीलामी और अन्य व्यापारिक गतिविधियां पुनः शुरू होंगी। जानकारी के अनुसार, विवाद 100 किलोग्राम वजन वाले उपज के बोरों की तौल को लेकर उत्पन्न हुआ था। श्रमिकों ने 100 किलो के बोरे उठाने और तौलने से इनकार कर दिया था, जिससे व्यापारियों और मजदूरों के बीच सहमति नहीं बन सकी। इसके चलते मंडी में नीलामी कार्य प्रभावित रहा और मंडी कुछ दिनों के लिए बंद रही।

भाजपा ने मनाया काला दिवस, लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल संविधान की मूल भावना, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार था। सत्ता के अहंकार में लाखों देशभक्तों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के माध्यम से उन लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन करती है, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठिन यातनाएं सहन कीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल की वास्तविकता से अवगत कराना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। इसके बाद जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती उन अनगिनत लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अन्याय और तानाशाही के विरुद्ध आवाज बुलंद की। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देशवासियों की आस्था और अधिकारों का प्रतीक है।

भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करती रही है। आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव का विषय है तथा उनके त्याग से प्रेरणा लेकर हमें लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इसके पश्चात मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मीसाबंदियों में प्रमुख रूप से रमेश राठौर, लीलाधर मिश्रा, बालकृष्ण नामदेव, सुदर्शन महाजन, अशोक महाजन, राजमल मेवाड़ा, कस्तूरचंद्र परिहार तथा हरिदयाल सक्सेना के परिवारजन शामिल रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना गगन नामदेव द्वारा रखी गई।

कार्यक्रम में अतिथियों के अतिरिक्त प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता सन्नी महाजन, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जसपाल अरोरा, विपिन सास्ता, राजकुमार गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति एवं सुशील ताम्रकार मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, भाजपा नेता रवि नागले, सह प्रभारी पवन जैन, हरीश राठौर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वित्त आयोग अध्यक्ष पवैया ने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः आपातकाल के 51 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को शहर के आस्था गार्डन में 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों एवं मीसाबंदियों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में पवैया ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कहा कि उस दौरान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिकों के मौलिक अधिकार प्रभावित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाया तथा विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोगों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेक लोगों ने जेल में रहकर भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखा। इस दौरान आपातकाल से जुड़े अनुभव भी साझा किए गए। समारोह में उज्जैन संभाग के लोकतंत्र सेनानियों एवं मीसाबंदियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

महंत परशुराम दास को सौंपी श्रीराम बाग हनुमान टेकरी मंदिर की महंताई

गंजबासौदा। बैरसिया स्थित श्रीराम बाग हनुमान टेकरी मंदिर में आयोजित दो दिवसीय श्रीरामार्चन महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के समापन अवसर पर विरक्त मंडल साधु समाज ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गंजबासौदा के मूडरी धाम के महंत श्री 108 परशुराम दास जी महाराज को मंदिर का नया महंत नियुक्त किया। संत समाज की उपस्थिति में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चित्रकूट के श्री 1008 परमेश्वर दास जी महाराज, सौराष्ट्र के महामंडलेश्वर पतित पावन दास जी महाराज, कथावाचक लोकेंद्र दास जी महाराज, हनुमान बाग के महंत हरीराम दास त्यागी तथा श्रीरामार्चन आचार्य महंत राघव दास जी महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे। संतों ने महंत परशुराम दास को आशीर्वाद देते हुए मंदिर की धार्मिक परंपराओं, सेवा कार्यों और सनातन संस्कृति के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। महायज्ञ के दौरान श्रीगणेश पूजन, श्री हनुमान जी का महाअभिषेक, श्रीरामार्चन पूजन, पुष्पार्चन, चातुर्मास धूनी समापन, संत सम्मेलन, महाआरती तथा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

नवनियुक्त महंत परशुराम दास ने कहा कि वे संत समाज द्वारा व्यक्त विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और श्रीराम बाग हनुमान टेकरी मंदिर को धार्मिक, आध्यात्मिक तथा जनसेवा का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

वन भूमि पर अतिक्रमण की कोशिश नाकाम; ट्रैक्टर-हल जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ वन भूमि पर अतिक्रमण की आशंकाओं को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर अवैध जुताई कर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। मौके से ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण जब्त कर भारतीय वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

वनमंडल अधिकारी सीहोर (सामान्य) अर्चना पटेल के निर्देश पर जिले के संवेदनशील वन क्षेत्रों में अतिक्रमण रोकने के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी लाड़कुई प्रकाश चंद्र उईके के नेतृत्व में वन अमला लगातार गश्त कर रहा है और संभावित अतिक्रमण वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

वन विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 6:38 बजे परिसर पिपलानी के कक्ष क्रमांक-369 आरएफ में वन भूमि पर अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही परिक्षेत्र सहायक पिपलानी ओम कुमार गोयल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां

एक व्यक्ति लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर से वन भूमि पर बखरनी कर उसे खेती योग्य बनाने का प्रयास करता मिला।

वन अमले ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जगदीश पिता नाहर सिंह, निवासी सिराड़ी बताया। जब उससे वन भूमि पर खेती संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बिना पंजीयन नंबर वाले महिंद्रा 585 डीआई एक्सपी प्लस ट्रैक्टर तथा हल-बखर को जब्त कर लिया गया।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि करीब 0.337 हेक्टेयर वन भूमि पर जुताई कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। मामले में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

वन विभाग ने बताया कि इससे पहले नयापुरा परिक्षेत्र सहायक क्षेत्र में भी नौ अतिक्रमणकारियों द्वारा वन भूमि पर पालवा सफाई कर खेती करने के प्रयास सामने आए थे। विभाग ने कार्रवाई करते हुए चराई, गड्ढा खुदाई तथा अन्य उपायों के माध्यम से 10.125 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया था।

वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके ने कहा कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए विशेष दल लगातार गश्त कर रहे हैं और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी वन भूमि पर अवैध गतिविधियां या अतिक्रमण के प्रयास सामने आएंगे, वहां तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। विभाग का अतिक्रमण विरोधी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।